धार्मिक आयोजन | गंगा दशहरा आज, घाटों में होंगे धार्मिक आयोजन

# नर्मदा तटों पर उमड़ेगी आस्था की भीड़

**नवभारत, जबलपुर।** सनातन धर्म में नारायण को प्रिय पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) का काफी महत्व है। 25 मई, सोमवार को ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि है। इसी गंगा दशहरा का पावन पर्व भी मनाया जाएगा। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा मनाने का विधान है। इस दिन गंगा स्नान, दान और पूजा का खास महत्व माना जाता है। खास बात यह है कि सोमवार को पूरे दिन रवि योग बना हुआ है और अभिजीत मुहूर्त भी उपलब्ध है।



ब्रह्मपुराण के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हस्त नक्षत्र में स्वर्ग लोक से देवी गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसलिए इस दिन गंगा स्नान करने से दस प्रकार के पापों का नाश होता है, इसी कारण इसे गंगा दशहरा कहा जाता है। इस वर्ष गंगा दशहरा पुरुषोत्तम मास में पड़ रहा है, जो और भी विशेष है। गंगा दशहरा को लेकर मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने, गंगाजल से स्नान करने या घर पर देवी गंगा की पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। यह भी विधान है कि जो व्यक्ति गंगा नहीं पहुंच सकते, वे घर पर ही गंगाजल से स्नान या गंगाजल का ध्यान कर स्नान व पूजन कर सकते हैं। इस दिन दान-पुण्य, ब्राह्मण भोजन और गौ सेवा का भी विशेष महत्व है। सोमवार को सूर्योदय 5 बजकर 26 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 7 बजकर 11 मिनट पर होगा। नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी है, जो 25 मई की सुबह 4 बजकर 8 मिनट तक और योग वज्र सुबह 3 बजकर 15 मिनट तक रहेगा। सोमवार के शुभ मुहूर्त की बात करें तो अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 51 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक, विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 36 मिनट से 3 बजकर 31 मिनट तक, गोधूलि मुहूर्त शाम 7 बजकर 9 मिनट से 7 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। सोमवार को पूरे दिन रवि योग रहेगा, जो शुभ कार्यों के लिए उत्तम माना जाता है।

### इस बार भी लंबी चुनरी से होगा मां नर्मदा का श्रृंगार

गंगा दशहरा पर इस बार मां नर्मदा को करीब 101 से 251 फीट मीटर लंबी विशाल चुनरी अर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा गाजे-बाजे और जयकारों के साथ निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु शामिल होंगे ।सुबह से ही घाटों पर नर्मदा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो जाएगी। वहीं शाम के समय भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन होगा। दीपों की रोशनी से पूरा घाट जगमगा उठेगा और भक्तिमय वातावरण देखने को मिलेगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है। पुलिस बल, होमगार्ड और स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी।

### गंगा दशहरा पर संग्राम सागर तालाब में होगा स्वच्छता श्रमदान



राज्य शासन के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार 25 मई को सुबह 8 बजे से शहर के ऐतिहासिक और आस्था के केंद्र संग्राम सागर तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय नागरिकों एवं अधिकारियों.,कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यक्रम के पहले रविवार को संग्राम सागर तालाब परिसर क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लिया। निरीक्षण के अवसर पर मंत्री ने कहा कि स्वच्छता श्रमदान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ हमारी जल संरचनाओं को सहेजना है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ स्थानीय प्रबुद्धजन आदि उपस्थित रहे।

### चढ़ाई जाएगी चुनरी

गंगा दशहरा पर्व को लेकर शहर के प्रमुख नर्मदा घाटों पर धार्मिक माहौल बनने लगा है। सोमवार 25 मई को ग्वारीघाट और सिद्ध घाट में हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे। पर्व के दौरान घाटों पर विशेष अनुष्ठान, महाआरती, दीपदान और चुनरी अर्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवभारत द्वारा रविवार को जानकारी जुटाने पर पता चला कि घाटों पर तैयारियाँ ज़ोर शोर से चल रही हैं। घाटों की साफ-सफाई के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था का भी इंतजाम किया जा रहा है ।



## केन्द्रीय राज्य मंत्री ने जबलपुर के बुनियादी विकास को सराहा

नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यों की हुई समीक्षा

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी जबलपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं और लोक. कल्याणकारी कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने शहर में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चरऔर नागरिक सेवाओं में किए गए बेहतरीन नवाचारों के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बारी.बारी से नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के कार्यों के प्रगति की जानकारी दी। जनकारी के पश्चात मंत्री श्री साहू ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्यों की सराहना करते हुए अच्छे कार्यों के लिए सभी को बधाई दी और स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में बेहतर रैंक प्राप्त करने की शुभकामनाएं भी दी।

### सिटी मिशन के कार्यों की भी समीक्षा

बैठक के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रही प्रगति और केंद्र सरकार से प्राप्त अनुदान राशि से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेन्टर के संचालन और शहर की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने के लिए चलाई जा रही हेरिटेज कन्जर्वेशन परियोजनाओं की प्रगति को सराहा, मदन महल ईको जोन के विकास और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा की गई। वहीं शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नॉन.मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट के निर्माण प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण व विकास इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सुचारू संचालन को आधुनिक शहर की दिशा में बड़ा कदम बताया।

## पूरे देश में लागू हो कठौंदा प्लांट की तकनीक : केंद्रीय राज्यमंत्री साहू



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी सराहना मिली है। अपने जबलपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने शहर के स्वच्छता अभियान के कार्यों का जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का बारीकी से अवलोकन करते हुए इसे एक अनुकरणीय मॉडल बताया और कहा कि इस बेहतरीन तकनीक और कार्यप्रणाली को पूरे देश में लागू करने की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्लांट की कार्यप्रणाली कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और इसके पर्यावरणीय लाभों के बारे में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही नगर निगम के नवाचारों से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि जबलपुर नगर निगम ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में जो नए प्रयोग किए हैं वे वाकई काबिले.तारीफ हैं। कठौंदा का यह प्लांट कचरे के सही निपटान के साथ.साथ ऊर्जा उत्पादन का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है जिससे देश के अन्य शहरों को भी सीख लेनी चाहिए। कठौंदा प्लांट की सराहना करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने शहर के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने जल शोधन की व्यवस्थाओं और प्लांट की क्षमता को देखा। पानी को रिसायकल कर उसे पुन: उपयोग में लाने के नगर निगम के प्रयासों की उन्होंने जमकर प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने श्री आर सेन्टर और वेस्ट टू वंडर पार्क का भी निरीक्षण किया। श्री आर सेन्टर पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ने जरूरतमंदों को थैले वितरित किए। वहीं एसटीपी प्लांट परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया।

### एक नजर में





### दत्तयज्ञ के चौथे दिन वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण हुआ भक्तिमय

**नवभारत, जबलपुर।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्री दत्त भजन मंडल द्वारा आयोजित पंच दिवसीय दत्तयज्ञ के चौथे दिन का प्रारंभ प्रात:काल में दत्त महात्म्य एवं गुरुचरित्र ग्रंथों के वाचन से हुआ। यज्ञ की शुरुआत नवग्रहपीठ के पूजन, वैदिक ऋचाओं के गायन और कलश पूजन के साथ हुई। इस धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञाचार्य आर्वीकर गुरुजी के सान्निध्य में मुख्य यजमान माधुरी नाजवाले व सुनील नाजवाले और सहयजमानों ने यज्ञ कुंड में आहुतियां दी। आज इस पंच दिवसीय यज्ञ का अंतिम दिन होगा, जिसमें पूर्णाहुति तथा महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**दत्त गायत्री और वैदिक मंत्रों से गूंजा यज्ञ स्थल**-यज्ञ के दौरान दत्त गायत्री मंत्र के उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान सहयजमान अधिवक्ता पद्मनाभ पाटणकर, प्रतीक जोशी, राजीव गणेशपुरकर, आशुतोष कात्रे, डॉ. शिरीष नाईक, सुबोध गोसावी, प्रशांत लोणकर, डॉ. चैतन्य ओक, प्रशांत मुले, मनोज हर्डीकर, डॉ. जन्मेजय जामदार और कीर्ती पांडे ने आहुतियां दी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान दत्तात्रेय अत्रि-अनसूया के पुत्र है और स्मर्तुगामी कहलाते है। सनातन धर्म की इस यज्ञ परंपरा के निर्वाह में प्रतिदिन अभय गोरे, विश्वास पाटणकर, अजय फाटक, सुनील देशपांडे, बी. एस. टांगसाळे, सुनील परांजपे, विनय मैराळ, प्रमोद परांजपे और विलास ताम्हनकर अपनी बहुमूल्य सेवा दे रहे है।



### शांतम प्रज्ञा आश्रम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व मनोविदलता दिवस के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने बताया कि शिजोफ्रेनिया भारत में लोगों को होने वाली कुछ प्रमुख बड़ी मानसिक बीमारियों में से एक है। शिजोफ्रेनिया अंडररिपोर्टिंग, जागरूकता की कमी और कुछ क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी होने से लोगों में ज्यादा फैल रही है। शिजोफ्रेनिया एक बहुत ही गंभीर मानसिक बीमारी है जिसके लक्षण व्यक्ति की सोचने की क्षमता, उसकी भावना और व्यवहार से जाहिर होते हैं। इसी को लेकर जागरूकता फैलाने के मकसद से हर साल 24 मई को वर्ल्ड शिजोफ्रेनिया डे मनाया जाता है।

**बदलती जीवनशैली और तनाव का मानसिक स्वास्थ्य पर असर**-लगातार बदलती लाइफस्टाइल की वजह से लोग इन दिनों कई समस्याओं का शिकार होते जा रहे हैं। काम के बोझ और जीवनशैली में बदलाव का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। यही वजह है कि इन दिनों लोग कई तरह की मानसिक समस्याओं की चपेट में आ रहे हैं। तनाव और डिप्रेशन आजकल काफी गंभीर समस्या बन चुकी है और ऐसे में लोगों की जिंदगी में भी स्ट्रेस काफी बढ़ गया है। हाल ही में एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें यह बताया गया है कि न सिर्फ देश में बल्कि दुनिया में 120 करोड़ लोग मेंटल डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। विश्व शिजोफ्रेनिया जागरूकता दिवस हर साल 24 मई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य इस मानसिक स्वास्थ्य स्थिति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना, कलंक कम करना और शुरुआती पहचान व इलाज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष की थीम 'समावेश मायने रखता है: सिज़ोफ्रेनिया में सामूहिक जिम्मेदारी' है।

## अभा तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित




**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कचनार क्लब में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि साहू समाज चहुंमुखी विकास करे, इसके लिए सामाजिक पदाधिकारियों को आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा के साथ साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी पूरी एकता और संकल्प के साथ आगे आना होगा। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम सामाजिक चेतना को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा देवी के पूजन के साथ हुई।

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की उन्नति, प्रगति के साथ साथ युवा पीढ़ी में समाज सेवा का भाव जाग्रत करने के उद्देश्य के साथ समाज के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास हेतु समाज को आगे आना होगा। हमें किसी भी तरह के राग द्वेष भुलाकर साथ खड़ा होना, समाज में शिक्षा का स्तर बढ़े, युवा पीढ़ी संस्कारवान बने और वरिष्ठ जनों को सम्मान मिले, इसका प्रयास मिलकर करना होगा।



### कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज ;प्रारंभिक परीक्षा.2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह रविवार को पूरी तरह सक्रिय नजर आए। इस दौरान उन्होंने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैंट व सेंट थॉमस स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्रों पर सुरक्षा, पारदर्शिता और परीक्षार्थियों की सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल विद्युत एवं सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आयोग के दिशा निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए।

## 'मन की बात-किसानों के साथ' कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 31 मई 2026 को आयोजित होने वाले 'मन की बात - किसानों के साथ' कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय जबलपुर में भाजपा किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, गांव-गांव तक किसानों से संपर्क, बूथ स्तर पर आयोजन एवं अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, बरगी विधायक नीरज सिंह एवं प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह का आगमन हुआ, जिनका किसान मोर्चा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गोपाल पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान गोपाल पटेल , विधायक नीरज सिंह एवं प्रदेश मंत्री राजमणि सिंह ने अपने संयुक्त उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है तथा किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक किसानों को 'मन की बात - किसानों के साथ' कार्यक्रम से जोड़ने एवं बूथ स्तर तक सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं जिला ग्रामीण अध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला ग्रामीण महामंत्री राजेश दाहिया , जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष आशीष पटेल , महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा अभिनव यादव जी एवं जिला ग्रामीण महामंत्री किसान मोर्चा संतोष परिहार ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष शहपुरा अखिलेश नामदेव ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष भेड़ाघाट धीरज पटेल , भाजपा मण्डल अध्यक्ष चरगवां अभिषेक राय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

सौगात | शहर के विभिन्न विकास कार्यों का लोक निर्माण मंत्री ने किया लोकार्पण, भूमिपजन

## पश्चिम विधानसभा को जल्द मिलेंगी कई सौगातें : राकेश सिंह






**नवभारत, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को शहर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मंत्री ने शंकरशाह वार्ड के पटेल मोहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में पटेल मोहल्ला पुलिया से न्यू रामनगर पुलिया तक नवनिर्मित सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री ने पश्चिम विधानसभा में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। और कहा कि अब प्रत्येक वार्डों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर का जिक्र करते हुए कहा कि मां नर्मदा के तट गौरीघाट जाने के लिए छोटी लाइन फाटक से साईं मंदिर तक फ्लाईओवर, धनवंतरी नगर से जीरो डिग्री तक फ्लाईओवर और सगड़ा में फ्लाईओवर का कार्य स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा रामपुर में 100 बिस्तर वाले अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जाएगा। वहीं गोरखपुर बाजार की बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करने की योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

### झंडा चौक में लोकार्पण

ग्वारीघाट के झंडा चौक में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह ने मुक्तिधाम मार्ग के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया। विकास कार्यों की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंत्री ने पंडित बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत क्रिश्चियन कॉलोनी एवं एसबीआई कॉलोनी में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने एसबीआई कॉलोनी में नाली निर्माण और लड्डू गणेश मंदिर के पास से पुष्पकुंज कॉलोनी होते हुए निगम कार्यालय तक नाला निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पंकज दुबे, अभय सिंह पार्षद , शारदा कुशवाहा सहित स्थानीयजन मौजूद रहे।




### स्काउट गाइड्स सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरुक

**नवभारत, जबलपुर ।** पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा जबलपुर रेल मंडल में रविवार 24 मई को दिनेश कुमार कलामे अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरुण चतुर्वेदी मंडल कार्मिक अधिकारी स्वतंत्र प्रभार, नितेश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सचिपति नंदन सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण एवं जिला सचिव स्काउट अनिल चौबे के कुशल मागदर्शन पर रेल्वे स्टेशन जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 कैपेन 15 मई से 05 जून के तहत स्टेशन पर पर्यावरण संबंधित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति यात्रीगणों के समस्त की गई इस दौरान सदस्यों ने जागरूकता हेतु आमजनता को शपथ दिलाई गई, जिसमें रेल कलाकार रजनीश यादव, अनिल पाली, संजीव तिवारी, आदि स्काउट गाइड के सदस्य शामिल हुए। रेल यात्रियों द्वारा रेल प्रशासन के निर्देशन में भारत स्काउट गाइड्स सदस्यों के इस अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की जाती रही।